भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

श्री आई.एन. मूर्ति, सदस्य (परिचालन)

श्री इंद्रकांति नरसिम्हा मूर्ति ने सदस्य (परिचालन), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का कार्यभार संभाला ।

नई दिल्ली, 29 नवंबर, 2016: श्री इंद्रकांति नरसिम्हा मूर्ति ने दिनांक 23/11/2016 को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (ए ए आई) के सदस्य (परिचालन)एवं बोर्ड सदस्य का कार्यभार ग्रहण किया । वे भौतिक विज्ञान (इलैक्ट्रॉनिक्स) में स्नातकोत्तर हैं तथा उन्होंने अगस्त 1985 में नागर विमानन विभाग, भारत सरकार (जो बाद में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण बना), में विमान क्षेत्र अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया । श्री मूर्ति को भा वि प्रा के विमान यातायात प्रबंधन निदेशालय, विमानक्षेत्र योजना निदेशालय, हवाईअड्डा प्रबंधन एवं परिचालन में विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए विमानन क्षेत्र का 31 वर्षों का लम्बा अनुभव प्राप्त है । सदस्य (परिचालन) का पदभार ग्रहण करने से पहले उन्होंने चेन्नई में क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक (दक्षिणी क्षेत्र) के रूप में तथा भा.वि.प्रा. के निगमित मुख्यालय के वायुक्षेत्र प्रबंधन निदेशालय में कार्यपालक निदेशक (विमान यातायात प्रबंधन) के रूप में कार्य किया ।

....

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:

महाप्रबंधक (ज.सं.) 9811521881, 011-24622787

सं. 55/2016-17